# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 26.06.2025**

- **शिकायतकर्ता के साथ CSP (Customer Service Point) आईडी बनाने का झांसा देकर की गयी थी धोखाधड़ी ।**
- **थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) ने कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 29,933 को वापस कराया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियंत्रण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री धीरज कुमार शर्मा पुत्र श्री घनश्याम शर्मा निवासी गांधीनगर कस्बा व थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के साथ साइबर अपराधी द्वारा दिनांक 13.12.2024 को सीएसपी आईडी बनाने की बात कहकर शिकायतकर्ता से कुल 62,480 रुपये का फ्रॉड किया गया। जिसकी शिकायत आवेदक द्वारा एन.सी.आर.पी. पोर्टल पर की गयी थी। उक्त शिकायत पर जांच एवं कार्यवाही के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की धनराशि ₹ 29,933 को खाते में वापस कराया गया, शेष धनराशि वापस कराने के लिये विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस की कार्यवाही की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना अकबरपुर पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹ 29,933/-**

**धनराशि वापस कराने वाली पुलिस टीम-**

थाना अकबरपुर पुलिस टीम